एक अरूप शून्य के प्रति

रात और दिन
तुम्हारे दो कान हैं लम्बे-चौड़े
एक बिलकुल सियाह
दूसरा क़तई सफ़ेद।
हर दस घण्टे में
करवट एक बदलते हो।

एक न एक कानं

ढाँकता है आसमान
और इस तरह ज़माने के शुरू से
आसमानी शीशे के पलँग पर सोये हो।

धरती की चीख़ों के शब्द
पंखदार कीड़ों-से बेचैन
तुम्हारे कानों के बालों पर बैठते
भिनभिनाते चक्कर काटते।
अटूट है लेकिन नींद,
खुली-आँख लगातार नींद।
आँखें ?
धुंधला सा 'नेब्यूला' ! !
एक-एक आँख में लाल-लाल पुतलियाँ
पुतलियाँ कैसी ?
बुलबुलों की भाँति जो बनती-बिगड़ती हैं
फिर उठ बैठती हैं !!
इसीलिए कोटि-कोटि कनीनिकाओं के बावजूद
कुछ नहीं दीखता;
एक-एक पुतली में लाख-लाख दृष्टियाँ
असंख्य दृष्टिकोण
बनते बिगड़ते ! !
इसीलिए, तुम सर्वज्ञ हो नींद में।

फिर भी, यशस्काय दिक्काल-सम्राट्,
तुम कुछ नहीं हो, फिर भी हो सब कुछ !!
काल्पनिक योग्यता की पूंछ के बालों को काटकर
होठों पर मूंछ लटका रखी है ! !
ओ नट-नायक
सारे जगत् पर रौब तुम्हारा है ! !
तुमसे जो इनकार करेगा
वह मार खायेगा
और, उस मूंछ के
हवाई बाल जब
बल खाते, धरती पर लहरते,
मँडराते चेहरों पर हमारे
तो उनके चुभते हुए खुरदुरे परस से
खरोंच उभरती है लाल-लाल
और, हम कहते हैं कि
नैतिक अनुभूति
हमें कष्ट देती है

बिलकुल झूठी है सठियायी
कीर्ति यह तुम्हारी ।

पर, तुम भी ख़ूब हो,
देखो तो—
प्रतिपल तुम्हारा ही नाम जपती हुई
लार टपकाती हुई आत्मा की कुतिया
स्वार्थ-सफलता के पहाड़ी ढाल पर
चढ़ती है हाँफती,
आत्मा की कुतिया
राह का हर कोई कुत्ता जिसे छेड़ता है, छेंकता
लेकिन, तुम ख़ूब हो
सूनेपन के डोह में अँधियारी डूब हो ।

मात्र अनस्तित्व का इतना बड़ा अस्तित्व
ऐसे घुप्प अँधेरे का इतना तेज़ उजाला,
लोग-बाग
अनाकार ब्रह्म के सीमाहीन शून्य के
बुलबुले में यात्रा करते हुए गोल-गोल
गोल-गोल
खोजते हैं जाने क्या ?
बेछोर सिफ़र के अँधेरे में बिला-बत्ती सफ़र
भी ख़ूब है ।

और तुम भी ख़ूब हो,
दोनों ओर पैर फँसा रक्खे हैं,
राम और रावण को ख़ूब ख़ुश,
ख़ूब हँसा रक्खा है ।
सृजन के घर में तुम
मनोहर शक्तिशाली
विश्वात्मक फ़ैण्टेसी
दुर्जनों के भवन में

प्रचण्ड शौर्यवान् अण्ट-सण्ट वरदान ! !
ख़ूब रंगदारी है,
तुम्हारी नीति बड़ी प्यारी है ।
विपरीत दोनों दूर छोरों द्वारा पुजकर
स्वर्ग के पुल पर
चुंगी के नाकेदार
भ्रष्टाचारी मजिस्ट्रेट, रिश्वतख़ोर थानेदार !!

ओ रे, निराकार शून्य !
महान् विशेषताएँ मेरे सब जनों की
तूने उधार ले
निज को सँवार लिया
निज को अशेष किया
यशस्काय बन गया चिरन्तन तिरोहित
यशोरूप रह गया सर्वत्र आविर्भूत ।

सई साँझ
कदम्ब वृक्ष पास
मन्दिर-चबूतरे पर बैठकर
जब कभी देखता हूँ तुझको
मुझे याद आते हैं
भयभीत आँखों के हंस
व घावभरे कबूतर
मुझे याद आते हैं मेरे लोग
उनके सब हृदय-रोग,
घुप्प अँधेरे घर,
पीली-पीली चिन्ता के अंगारों-जैसे पर,
मुझे याद आती भगवान् राम की शबरी,
मुझे याद आती है लाल-लाल जलती हुई ढिबरी
मुझे याद आता है मेरा प्यारा-प्यारा देश,
लाल-लाल सुनहला आवेश ।
अन्धा हूँ
ख़ुदा के बन्दों का बन्दा हूँ बावला
परन्तु कभी-कभी अनन्त सौन्दर्य सन्ध्या में शंका के
काले-काले मेघ-सा,
काटे हुए गणित की निर्यक् रेखा-सा
सरी-सृप-स्रक्-सा ।
मेरे इस साँवले चेहरे पर कीचड़ के धब्बे हैं,
दाग़ हैं,
और इस फैली हुई हथेली पर जलती हुई आग है
अग्नि-विवेक की ।
नहीं, नहीं, वह तो है ज्वलन्त सरसिज !!
ज़िन्दगी के दलदल-कीचड़ में धँसकर
वक्ष तक पानी में फँसकर
मैं वह कमल तोड़ लाया हूँ—
भीतर से, इसीलिए, गीला हूँ
पंक से आवृत,

स्वयं में घनीभूत
मुझे तेरी बिलकुल ज़रूरत नहीं है।

[सम्भावित रचनाकाल 1956 से 1960 तक। नागपुर-राजनाँदगाँव। **कल्पना**, मई 1960, में प्रकाशित। **चाँद का मुंह टेढ़ा है** में संकलित]

जो त्वराभरे जीवन के ध्रुवा-गात को धारता

EK ARŪP ŚŪNYA KE PRATI

rāt aur din
tumhāre do kān haiṁ lambe-cauḍe
ek bilkul siyāh
dūsrā qataī safed.
har das ghanṭe meṁ
karvaṭ ek badalte ho.

ek na ek kān
ḍhāṁktā hai āsmān
aur is tarah zamāne ke śurū se
āsmānī śīśe ke palaṁg par soye ho.

dhartī kī cīxoṁ ke śabd
paṅkhdār kīḍoṁ se becain
tumhāre kānoṁ ke bāloṁ par baiṭhte
bhinbhināte cakkar kāṫte.
aṭūṭ hai lekin nīnd,
khulī-āṁkh lagātār nīnd.
āṁkheṁ?
dhuṁdhlā sā 'nebyūlā'!!
ek-ek āṁkh meṁ lāl-lāl putliyāṁ
putliyāṁ kaisī?
bulbuloṁ kī bhāṁti jo bantī-bigaḍtī haiṁ
phir uṭh baṭhtī haiṁ!!
isīlie koṭi-koṭi kanīnikāoṁ ke bāvjūd
kuch nahīṁ dīkhtā;
ek-ek putlī meṁ lakh-lākh dṛṣṭiyāṁ
asaṁkhya dṛṣṭikoṇ
bante bigaḍte!!
isīlie, tum sarvajñ ho nīnd meṁ.

phir bhī, yaṣaskāy dikkāl-samrāṭ,
tum kuch nahīṁ ho, phir bhī ho sab kuch!!
kālpanik yogyatā kī pūṁch ke bāloṁ ko kāṭkar
hoṭhoṁ par mūṁch laṭkā rakhī hai!!
o naṭ-nāyak
sāre jagat par raub tumhārā hai!!
tumne jo inkār karegā
vah mār khāyegā
aur, us muṁch ke
havāī bāl jab
bal khāte, dhartī par laharte,
maṁḍrāte cehroṁ par hamāre
to unke cubhte hue khurdure paras se

kharoṁc ubhartī hai lāl-lāl
aur, ham kahte haiṁ ki
naitik anubhūti
hameṁ kaṣṭ detī hai
bilkul jhūṭī hai saṭhiyāyī
kīrtī yah tumhārī.

par, tum bhī xūb ho,
dekho to—
pratipal tumhārā hī nām japtī huī
lār ṭapkātī huī ātmā ki kutiyā
svārth-saphaltā ke pahāḍī ḍhāl par
caḍhtī hai hāṁphtī,
ātmā kī kutiyā
rāh kā har koī kuttā jise cheḍtā hai, cheṅktā
lekin, tum xūb ho
sūnepan ke ḍoh meṁ aṁdhiyārī ḍūb ho.

mātrā anastitva kā itnā baḍā astitva
aise ghupp aṁdhere kā itnā tez ujālā,
log-bāg
anākār brahma ke sīmāhīn śūnya ke
bulbule meṁ yātra karte hue gol-gol
gol-gol
khojte haiṁ jāne kyā?
bechor sifar ke aṁdhere meṁ bilā-battī safar
bhī xūb hai.

aur tum bhī xūb ho,
donoṁ or pair phaṁsā rakkhe haiṁ,
rām aur rāvaṇ ko xūb xuś,
xūb haṁsā rakkhā hai.
sṛjan ke ghar meṁ tum
Manohar śaktiśālī
viśvātmak faiṇṭasī
durjanoṁ ke bhavan meṁ

pracaṇḍ śauryavān aṇṭ-saṇṭ vardān!!
xūb raṅgdārī hai,
tumhārī nīti baḍī pyārī hai.
viprīt donoṁ dūr choroṁ dvāra pujkar
svarg ke pul par
cuṅgī ke nākedār
bhraṣṭācārī majisṭreṭ, riśvatxor thānedār!!

o re, nirākār śūnya!

mahān viśeṣtāeṁ mere sab janoṁ kī
tune udhār le
nij ko saṁvār liyā
nij ko aśeṣ kiyā
yaśaskāy ban gayā cirantan tirohit
yaśorūp rah gayā sarvatra āvirbhut.

saī sāṁjh
kadamb vṛkṣ pās
mandir-cabūtare par baiṭhkar
jab kabhī dekhtā hūṁ tujhko
mujhe yād āte haiṁ
bhaybhīt āṁkhoṁ ke hans
va ghāvbhare kabūtar
mujhe yād āte haiṁ mere log
unke sab hṛday-rog,
ghupp aṁdhere ghar,
pīlī-pīlī cintā ke aṇgāroṁ-jaise par,
mujhe yād ātī bhagvān rām kī śabarī,
mujhe yād ātī hai lāl-lāl jaltī huī ḍhibrī
mujhe yād ātā hai merā pyārā-pyārā deś,
lāl-lāl sunahlā āveś.
andhā hūṁ
xudā ke bandoṁ kā bandā hūṁ bāvlā
parantu kabhī-kabhī anant saundarya sandhyā meṁ śaṅkā ke
kale-kāle megh-sā,
kāṭe hue gaṇit kī niryak rekhā-sā
sari-sṛp-srak-sā.
mere is sāṁvle cehre par kīcaḍ ke dhabbe haiṁ,
dāġh haiṁ,
aur is phailī huī hathelī par jaltī huī āg hai
agni-vivek kī.
nahīṁ, nahīṁ, vah to hai jvalant sarsij!!
zindagī ke daldal-kīcaḍ meṁ dhaṁskar
vakṣ tak pānī meṁ phaṁskar
maiṁ vah qamal toḍ lāyā hūṁ—
bhītar se, isīlie, gīlā hūṁ
paṅk se āvṛt,
svayaṁ meṁ ghanībhūt
mujhe terī bilkul zarūrat nahīṁ hai.